# राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

**सादर प्रकाशनार्थ :-**

**जयपुर, 27 मई ।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने आज कोटा के अग्रवाल रिसोर्ट में जिला कांग्रेस कमेटी कोटा शहर द्वारा आयोजित दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ किया तथा भारत के प्रथम प्रधानमंत्री स्व. पं. जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रृद्धांजली प्रदान की। श्री डोटासरा ने प्रशिक्षण शिविर के स्वागत सत्र में प्रशिक्षणार्थियों को कांग्रेस की रीति, नीति तथा प्रशिक्षण शिविर के महत्व से अवगत करवाया।

प्रशिक्षण शिविर में भाग ले रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं नेताओं को सम्बोधित करते हुए श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की देश को आजाद कराने के साथ ही आज के विकसित राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू ने जिस वक्त देश के विकास की नींव रखी, उस समय भारत में एक सूई का निर्माण भी नहीं होता था तथा संसाधनों की अत्यधिक कमी थी। उन्होंने कहा कि पं. नेहरू देश के विकास के पुरोद्धा थे जिनके शासनकाल में आईआईटी, आईआईएम, एलआईसी, एम्स, इसरो जैसी उत्कृष्ट संस्थाओं का निर्माण हुआ। उन्होंने कहा कि श्रीमती इंदिरा गॉंधी ने भारत को विकास की नई ऊंचाईयां प्रदान की, उनके कार्यकाल में भारत परमाणु शक्ति बना तथा देश में श्वते एवं हरित क्रांति सम्पन्न हुई जिसके तहत् भारत खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बन सका। उन्होंने कहा कि श्रीमती इंदिरा गॉंधी ने पाकिस्तान के दो टुकड़े कर विश्व पटल पर एक अमिट छाप छोड़ी तथा भारत को विश्व की महाशक्ति के रूप में स्थापित किया। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री श्री राजीव गॉंधी ने भारत के युवाओं को 18 वर्ष की आयु में मताधिकार प्रदान कर स्वयं के भाग्य का निर्माण करने का मौका प्रदान किया। श्री राजीव गॉंधी ने देश में पंचायत राज की स्थापना कर शासन के विकेन्द्रीकरण का कार्य किया। उन्होंने कहा कि श्री राजीव गॉंधी के शासन में भारत में सूचना एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य हुआ, इसके आधार पर भारत मजबूती के साथ 21वीं सदी में प्रवेश कर सका।

श्री डोटासरा ने कहा कि दूसरी ओर भाजपा की वर्तमान केन्द्र सरकार जो लोगों से झूठे वादे कर तथा जनता को गुमराह कर वर्ष 2014 में सत्ता में आई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने चुनाव पूर्व जो वादे किये थे उनमें से एक भी वादा पूरा नहीं किया है। उन्होंने

2...........

Created by Universal Document Converter

कहा कि 70 साल का हिसाब मांगने वाले स्वयं के शासन के 5 साल का हिसाब नहीं दे सके, किन्तु सेना के शौर्य के पीछे छिपकर पुनः सत्ता में आ गये। उन्होंने कहा कि भाजपा राष्ट्रवाद का नारा देती है किन्तु ना तो किसानों की आय दुगुनी की, ना युवाओं को रोजगार प्रदान किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार उन संवैधानिक संस्थाओं को जिन्हें जनता के अधिकारों की रक्षा हेतु कांग्रेस सरकारों ने स्थापित किया था, को कमजोर करने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं के अथक् परिश्रम एवं मेहनत से देश में मजबूत लोकतंत्र स्थापित हुआ है किन्तु भाजपा की केन्द्र सरकार लोकतंत्र को कमजोर करने के प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा शासन में ईडी, सीबीआई, आईटी के माध्यम से विपक्षी दलों एवं विरोधी नेताओं को डराने का कार्य किया जाता है तथा चुनी हुई सरकारों को गिराने का कार्य भाजपा की राजनीति का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि आरएसएस एवं भाजपा धर्म के नाम पर विभाजन करने की राजनीति करती है। उन्होंने कहा कि अभी कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी भाजपा कार्यकर्ताओ को विकास की बात करने की नसीहत दे रहे थे, जबकि 8 साल से भाजपा एवं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने विकास के मुद्दे पर कभी बात नहीं की। उन्होंने कहा कि भाजपा के शासन में राजनैतिक दलों, विपक्षी नेताओं, मीडियाकर्मियों को निजता का हनन् कर जासूसी करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि इन सब तथ्यों को जनता के बीच जाकर उजागर करने का कर्त्तव्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं का है।

उन्होंने कहा कि पिछले सवा तीन वर्ष से राजस्थान में कांग्रेस की राज्य सरकार ने जनकल्याण हेतु एक से बढ़कर एक फ्लैगशिप योजनायें बनाई हैं तथा जनकल्याण हेतु शानदार बजट प्रस्तुत किये हैं जिनका भाजपा के पास कोई जवाब नहीं है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना के तहत् राजस्थान के प्रत्येक नागरिक को 10 लाख रूपये तक का निःशुल्क ईलाज तथा 5 लाख रूपये का दुर्घटना बीमा प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों को बिजली के बिलों में 12 हजार रूपये प्रतिवर्ष सब्सिडी दी जा रही है जिसके तहत् आधे से अधिक किसानों का बिजली का बिल शून्य आ रहा है। इसके साथ ही किसानों के 14 हजार करोड़ रूपये के सहकारी बैंकों के ऋण माफ कर दिये गये हैं तथा राष्ट्रीयकृत बैंकों से वन टाईम सैटलमेंट कृषि ऋणों के बाबत् करवाने हेतु प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को राज्य सरकार द्वारा अनेक दफा पत्र लिखे गये ताकि बड़े उद्योगों की तरह कृषकों के ऋण का भी वन टाईम सैटलमेंट हो जाये तथा जो राशि किसानों की ओर देय निकलेगी उसका भुगतान राज्य सरकार द्वारा किया जायेगा, किन्तु केन्द्र सरकार द्वारा राजस्थान सरकार के इस प्रस्ताव पर किसी प्रकार का सहयोग नहीं दिया जा

3..........

Created by Universal Document Converter

रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकारों के ऐतिहासिक कार्यों, मोदी सरकार की विफलताओं तथा राजस्थान की कांग्रेस सरकार द्वारा किये गये लोककल्याणकारी कार्यों की जानकारी से जनता को अवगत कराने के लिये कांग्रेस के कार्यकर्ता गॉंव–गॉंव, ढाणी–ढाणी जायेंगे।

श्री डोटासरा ने कहा कि भाजपा के 25 सांसद मिलकर राजस्थान के लिये एक योजना नहीं ला सके तथा केन्द्र सरकार द्वारा प्रदेश की जनता के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आरएसएस के लोग मीठा बोलते हैं किन्तु समाज में जहर घोलने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि आरएसएस के लोग भाई से भाई को लड़ाकर सामाजिक समरसता को बिगाड़ने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आरएसएस के लोग सिद्धांतों की बात करते हैं किन्तु ये भी दूध के धुले नहीं है, इनके एक बड़े पदाधिकारी को देश की जनता ने रिश्वत मांगते हुए वीडियो पर देखा है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण शिविर में भाग ले रहे कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ताओं को कांग्रेस की रीति–नीति के साथ ही विभिन्न विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी के लोककल्याणकारी कार्यों की जानकारी प्रदान करने हेतु गॉंव–गॉंव, ढाणी–ढाणी जाकर आमजन से सम्पर्क करे तथा केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा जनता से की गई वादाखिलाफी से अवगत करवाये। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता इस संकल्प के साथ जनता के बीच जायें कि वर्ष 2023 में राजस्थान प्रदेश में पुनः कांग्रेस की सरकार स्थापित हो तथा वर्ष 2024 में केन्द्र से मोदी सरकार का सफाया कर श्री राहुल गॉंधी के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार बने।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर में राजस्थान सरकार के मंत्री श्री परसादीलाल मीणा, प्रदेश कांग्रेस के महासचिव श्री जी. आर. खटाणा, निवर्तमान जिलाध्यक्ष श्री रविन्द्र त्यागी, केश कला बोर्ड के चेयरमेन श्री महेन्द्र गहलोत, खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के उपाध्यक्ष श्री पंकज मेहता, श्री नईमुद्दीन गुड्डू, श्रीमती पूनम गोयल, प्रदेश कांग्रेस सचिव श्री गजेन्द्र सिंह सांखला सहित अनेक कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**( स्वर्णिम चतुर्वेदी )**
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter

# राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

**सादर प्रकाशनार्थ :-**

**जयपुर, 27 मई।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष स्व. मास्टर आदित्येन्द्र की पुण्यतिथि के अवसर पर शनिवार, 28 मई, 2022 को प्रातः 11 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, इन्दिरा गाँधी भवन, स्टेशन रोड, जयपुर पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारीगण, वरिष्ठ कांग्रेसजन, जयपुर शहर एवं जयपुर देहात जिला कांग्रेस कमेटियों के निवर्तमान पदाधिकारीगण, अग्रिम संगठनों के पदाधिकारीगण, विभिन्न विभागों व प्रकोष्ठों के निवर्तमान पदाधिकारीगण सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहेंगे।

**( स्वर्णिम चतुर्वेदी )**
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter